उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम लिमिटेड

(राज्य सरकार का उपक्रम)
बी-2/2, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, दूरभाष : 0522-2308109
Email : upmahilaknigam@rediffmail.com

पत्रांक : 2136 /म.क.नि. दिनाँक 27/12/10

सेवा में,

जन कल्याण परिषद
शमशाबाद फर्रुखाबाद।

विषय :— महिला रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यकम (2010—11) संचालन के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

उपर्युक्त विषयक में आपकी संस्था व निगम के मध्य हुए अनुबन्ध का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। प्रश्नगत प्रकरण में अवगत कराना है कि आपकी संस्था के माध्यम से विकास खण्ड रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात में 30 महिला लाभार्थियों का एक मासीय प्रशिक्षण कार्यकम आवंटित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि प्रशिक्षण अनुबन्ध एवं दिशा निर्देशानुसार संचालन करना सुनिश्चित करें।

योजनान्तर्गत जनपद/विकास खण्ड स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था से यह अपेक्षा की जाती है कि प्रशिक्षण संचालन में सहयोग एवं सुझावों हेतु किसी एक नामित नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर लें।

भवदीय,

(आई0पी0 कनौजिया)
महाप्रबन्धक

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस अपेक्षा से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय—समय पर निरीक्षण एवं मूल्यांकन करते हुए आख्या निगम कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें—

1. जिला प्रोबेशन अधिकारी कानपुर देहात।
2. बाल विकास परियोजना अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

(आई0पी0 कनौजिया)
महाप्रबन्धक